तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

14 विदाई समारोह में छलका अपनापन और जूनियर्स ने सीनियर्स...


14 बरहेली के स्मार्ट मीटर पखवाड़ा शिविर में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी




ग्रामीणों की मांग भूमि-जंगल हमारे, काम बाहरी समिति को क्यों ?

# समझौते के उल्लंघन से ग्रामीणों में आक्रोश सीएमडीसी माइंस के सामने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज : भानुप्रतापपुर

**तहसील भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम भैसाकन्हार (क) में उस समय हालात तनावपूर्ण हो गए, जब स्थानीय ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीएमडीसी) की माइंस के मुख्य द्वार के सामने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। माइंस संचालन से जुड़े अधिकारों और स्थानीय रोजगार को लेकर शुरू हुए इस आंदोलन ने प्रशासन और माइंस प्रबंधन की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में हुए लिखित समझौते के बावजूद उनके अधिकारों की अनदेखी की जा रही है, जिससे उनमें गहरा आक्रोश व्याप्त है। वन विभाग की कार्यशैली से भी ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है।**

धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि 18 अगस्त 2025 को प्रशासन, पुलिस एवं वन विभाग की मौजूदगी में एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ था। इस समझौते में स्पष्ट रूप से यह तय किया गया था कि जिस ग्राम पंचायत या ग्राम समिति की सीमा में माइंस क्षेत्र आएगा, वहां खनन, परिवहन एवं लेबर से संबंधित सभी कार्य उसी ग्राम समिति के माध्यम से कराए जाएंगे। समझौते का उद्देश्य यह था कि माइंस से प्रभावित स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मिले और उनके पारंपरिक अधिकार सुरक्षित रहें। धरना दे रहे ग्रामीणों का कहना है कि माइंस का वन क्षेत्र एवं सरहद पूरी तरह से भैसाकन्हार (क) ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। इसके बावजूद माइंस प्रबंधन द्वारा नियमों की अनदेखी ▸▸शेष पेज 12 पर

### ग्रामीणों ने जताई आपत्ती

ग्राम के सरपंच रमल कोर्राम, विमल चक्रधारी, गंगाराम लाटिया, भैंसमुडी ग्राम पटेल सोहन कोर्राम, भैसाकन्हार पटेल श्री कोर्राम, गायता गणेशराम और धनेश वट्टी ने विशेष रूप से आदिवासी स्व किसान विकास समिति, आरीडोंगरी के साथ किए गए वर्तमान अनुबंध पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि जब माइंस क्षेत्र भैसाकन्हार (क) ग्राम पंचायत की सीमा में स्थित है, तो किसी अन्य समिति के माध्यम से कार्य कराना न तो न्यायसंगत है और न ही समझौते के अनुरूप। धरना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने एक स्वर में मांग की कि उक्त समिति के साथ किया गया अनुबंध तत्काल निरस्त किया जाए और भैसाकन्हार (क) ग्राम समिति एवं ग्राम पंचायत के साथ नया अनुबंध किया जाए।



### महिलाओं ने जताई नाराजगी

धरना स्थल पर महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या मौजूद रही। महिलाओं ने कहा कि माइंस के कारण पानी, जंगल और खेती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जबकि लाभ बाहरी लोगों को दिया जा रहा है। युवाओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### ग्रामीणों ने माइंस प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी


धरना प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने माइंस प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। ग्रामीण नेताओं ने कहा कि उनकी भूमि, जंगल और प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग यदि माइंस संचालन में किया जा रहा है, तो उससे जुड़े अधिकार भी स्थानीय ग्राम समिति को ही मिलने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बाहरी समितियों या ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने की नीति को वे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेंगे।

### माइंस क्षेत्र में तनाव की स्थिति

ग्रामीणों के धरने पर बैठने से माइंस क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक माइंस प्रबंधन या प्रशासन की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, स्थिति पर नजर रखी जा रही है और दोनों पक्षों से बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### लावारिस बछड़े का किया अंतिम संस्कार



**भानुप्रतापपुर।** लाइफ सेवियर्स फाउंडेशन को 12 फरवरी को सुबह जानकारी मिला कि अस्पताल के पास एक गाय के बछड़े की मौत हो गई है। जानकारी मिलने के बाद फाउंडेशन के कार्यकर्ता तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। कार्यकर्ताओं ने आसपास के लोगों से जानकारी लेकर बछड़े के मालिक का पता लगाने का प्रयास किया, परंतु पता चला कि वह बछड़ा लावारिस था और उसकी मृत्यु रात में ही हो चुकी थी। फाउंडेशन के सदस्यों ने मानवता का परिचय देते हुए पूरे विधि-विधान के साथ बछड़े का अंतिम संस्कार किया। इस कार्य में मुख्य रूप से हिमांशु ठाकुर, अमित साहू, चंदर यादव एवं मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

### भानबेड़ा का आज से होगा वार्षिक मेला

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भानबेड़ा का वार्षिक देव मेला 13 व 14 फरवरी को आयोजित किया गया है। सरपंच ममता ठाकुर ने बताया कि मेले में आसपास क्षेत्र की देवी-देवता, गायता, पटेल, ग्रामीण, महिला-पुरुष, व्यापारी शामिल होंगे। रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी मोर चिरईया फूल बालोद जिला के ग्राम कुलिया कनेरी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत कॉलोनीपारा पोडगांव निवासी नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का पुलिस पता लगा रही है। पोडगांव निवासी 24 वर्षीय अभेषेक यादव ने पुलिस को बताया कि 17 वर्षीय राहुल यादव ने 10 फरवरी को अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

### धनवाफूलचूर में 14 से वार्षिक देव मेला

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत गुदुम के आश्रित ग्राम धनवाफूलचूर में वार्षिक देव मेला का आयोजन इस वर्ष भी 14 एवं 15 फरवरी 2026 को होगा। मेले को लेकर ग्राम में उत्साह का माहौल है तथा ग्रामवासी तैयारियों में जुटे हुए हैं। ग्राम पंचायत गुदुम की सरपंच राम कुमारी पूड़ो, सचिव जगदेव पांडे, बृजलाल पुडो, सतनारायण जैन, राजकुमार जैन, सुरेन्द्र जैन, धनेश तुलवी, बिरझू पुड़ो एवं संतोष कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईश्वर कृपा से वार्षिक देव मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में आसपास के ग्रामों के गायता, पटेल, देवी-देवता, ग्रामीणजन तथा व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### दो खेत से लाखों के सोलर उपकरण पार

## दबेना में सोलर पंप और पैनल की चोरी, पीड़ित किसानों ने कार्रवाई की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

सरकारी योजनाओं के तहत खेतों में लगाए गए सोलर पंप और पैनलों को निशाना बनाकर अज्ञात चोर किसानों की कमर तोड़ने पर आमादा हैं। ताजा मामला नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दबेना से सामने आया है, जहाँ एक ही रात में दो किसानों के खेतों से लाखों रुपए के सोलर उपकरण चोरी कर लिए गए। पहली घटना में छापरपारा दबेना निवासी 40 वर्षीय लक्ष्मण सिंह कोमरा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे खेती-किसानी का कार्य करते हैं और वर्ष 2024 में क्रेडा विभाग की शासकीय योजना के तहत 10 हजार रुपए शुल्क जमा कर अपने खेत भजनाहा पहाड़ी के सामने 3 एचपी का सबमर्सिबल पंप, एक स्टार्टर तथा 9 नग सोलर पैनल मय फ्रेम लगवाया था। 5 फरवरी की शाम करीब साढ़े पांच बजे उन्होंने सिंचाई कर घर लौट गए थे। अगले दिन 6 फरवरी की सुबह जब वे खेत पहुंचे, तो सबमर्सिबल पंप, स्टार्टर और सोलर पैनल मय फ्रेम गायब मिले। आसपास ▸▸शेष पेज 12 पर

## घरेलू विवाद हुआ हिंसक, बीच-बचाव करते बुजुर्ग से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

पुत्तरवाही में पारिवारिक विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। घर के अंदर चल रहे आपसी विवाद में बीच-बचाव करना एक बुजुर्ग को भारी पड़ गया। मारपीट की इस घटना में 55 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुत्तरवाही निवासी 55 वर्षीय जगदेव उईके पिता परतुराम उईके ने थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत दर्ज



कराई। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी की रात लगभग साढ़े 8 बजे उनके घर में बेटे और बहू के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। पारिवारिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जब जगदेव उईके ने बीच-बचाव किया तो मामला और बिगड़ गया। आरोप है कि बहू दुरपत ने विवाद के दौरान अपने मायके पक्ष के लोगों को फोन कर बुला लिया। कुछ ही देर बाद उसके पिता तुलसीराम करंगा तथा भाई लोचन करंगा और कमलेश करंगा मोटरसाइकिल से उनके घर पहुंचे। घर पहुँचते ही आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए जगदेव उईके पर हमला कर दिया, जगदेव उस समय अपने घर के आंगन में बैठे हुए थे। आरोपियों ने मिलकर हाथ-मुक्कों से उनके साथ मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान शोर सुनकर प्रार्थी की बड़ी बहन ▸▸शेष पेज 12 पर


### पंचायत मेड़ो में आज होगा जनसमस्या निवारण शिविर

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 13 फरवरी को दुर्गूकोंदल विकास खण्ड के स्कूल ग्राउण्ड मेड़ो में होगा, जिसमें ग्राम पंचायत मेड़ो, चाहचाड़, हाहालद्दी, सिंहारी, खुटगांव, दोड़दे, साधुमिचगांव, पड़गाल, भुसकी, पलाचूर, दुर्गूकोंदल और भुरकागुदुम इत्यादि ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल होंगे। कलेक्टर ने शिविर में अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## कार में शराब पीने से मना किया तो चालक पर युवक ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

संबलपुर में आयोजित एक सगाई समारोह के दौरान अनुशासन और कानून को ताक पर रखकर की गई गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। युवक को वाहन में शराब पीने से मना करना कार चालक को भारी पड़ गया। युवक ने आपा खोते हुए चालक के साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना के बाद घायल चालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम टाहकापार निवासी वाहन चालक अरूण कुमार जैन 11



फरवरी को बुकिंग लेकर भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम संबलपुर सगाई समारोह में पहुंचे थे। कार्यक्रम के ▸▸शेष पेज 12 पर

कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ देंगे परीक्षा पैटर्न, रणनीति और समय-प्रबंधन की जानकारी

## सीजीपीएससी प्रीलिम्स की तैयारी को धार देने जिला प्रशासन ने तैयार की रणनीति

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की 22 फरवरी को आयोजित होने वाली राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा से पहले जिले के अभ्यर्थियों को सफलता की सही राह दिखाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सराहनीय पहल की है। परीक्षा के अंतिम दिनों में जब सही दिशा, सटीक रणनीति और मानसिक मजबूती सबसे अधिक मायने रखती है, ऐसे समय में जिला प्रशासन द्वारा एक दिवसीय मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन रखा है, वहीं सीजीपीएससी प्रीलिम्स मैराथन टेस्ट सीरिज शुरू हो गई है, जो लगातार 20 फरवरी तक चलेगी। राज्य लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा के अंतिम दिनों में सही दिशा, समय-प्रबंधन, प्रश्न हल करने की तकनीक और मानसिक मजबूती ▸▸शेष पेज 12 पर




सुप्रीम कोर्ट व शासन के निर्देशों के तहत सीमित ध्वनि में ही डीजे संचालन का आदेश

# डीजे संचालकों दी समझाइश, परीक्षा का माहौल बिगाड़ने पर बरती जाएगी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

आगामी बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और तनावमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए कांकेर पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण पर सख्त नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। विद्यार्थियों की पढ़ाई और एकाग्रता को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने शहर में डीजे एवं साउंड सिस्टम संचालन को लेकर स्पष्ट और कड़े निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में थाना कांकेर में शहर के समस्त डीजे संचालकों की एक



अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें नियमों का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू ने डीजे संचालकों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि डीजे एवं साउंड सिस्टम का संचालन केवल सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों एवं शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों के अनुरूप ही किया जाएगा। निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि स्तर पर डीजे संचालन पाए जाने की स्थिति में संबंधित संचालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने साफ शब्दों में कहा कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियम उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने डीजे संचालकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस द्वारा सख्त निर्देश दिए गए कि रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे का संचालन पूर्णतः ▸▸शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**

## छात्राओं ने कुम्हार कार्य का किया अवलोकन



**धनोरा।** पीएम श्री सेजस धनोरा ब्लॉक केशकाल जिला कोंडागांव की छात्राओं ने प्री-वोकेशनल प्रशिक्षण के अंतर्गत कुम्हार कार्य का अवलोकन किया। पीएम श्री सेजस धनोरा विद्यालय द्वारा प्री-वोकेशनल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा छठवीं से आठवीं तक की बालिकाओं को ग्राम बनियागांव धनोरा में कुम्हार कार्य मिट्टी के बर्तन बनाने का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य के आर प्रधान तथा शिक्षिका श्रीमती हर्षा शुक्ला छात्राओं के साथ उपस्थित रहीं। ग्राम बनियागांव में प्रसिद्ध कुम्हार सेवन कुमार चक्रधारी एवं उनकी पुत्री अंजनी चक्रधारी कक्षा सातवीं ने छात्राओं को मिट्टी के बर्तन बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। श्री चक्रधारी ने विस्तारपूर्वक बताया कि चाक पर चढ़ाने से पहले मिट्टी को किस प्रकार तैयार किया जाता है। इसके पश्चात चाक चलाने की विधि तथा विभिन्न प्रकार के बर्तनों को आकार देने की प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आकार देने के बाद मिट्टी के बर्तनों को किस प्रकार सुखाया एवं पकाया जाता है, जिससे वे उपयोग योग्य बनते हैं। छात्राओं ने इस पारंपरिक कला को निकट से देखकर अत्यंत उत्साह एवं जिज्ञासा प्रकट की। छात्राओं द्वारा मिट्टी के बर्तन भी बनाए गए। विद्यालय द्वारा आयोजित यह शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इस प्रकार के प्री-वोकेशनल प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को पारंपरिक व्यवसायों से जोड़ने तथा आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## रेल जोन भुवनेश्वर के महाप्रबंधकका बस्तर प्रवास होगा आज

**जगदलपुर।** रेल जोन भुवनेश्वर के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल का 13 फरवरी को बस्तर प्रवास प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे



स्पेशल सैलून से सुबह लगभग 7 बजे जगदलपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। यहां से वे सीधे सिलकझोडी स्टेशन के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां रेलखंड की सुरक्षा और संरचना का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण उपरांत लगभग 11 बजे जगदलपुर लौटेंगे। दौरे को लेकर रेल प्रशासन अलर्ट है अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। इस दौरान रेल जीएम जगदलपुर स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निमार्णाधीन नए भवन का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा स्टेशन में चल रहे अन्य विकास कार्य फुट ओवर ब्रिज , लिफ्ट स्थापना, प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने तथा यात्री सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। दौरे को देखते हुए पिछले दो दिनों से स्टेशन परिसर के आंतरिक व बाह्य भागों, प्रतीक्षालयों और रंगाई-पुताई का कार्य जारी है। स्टेशन दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है ताकि महाप्रबंधक के समक्ष बेहतर प्रस्तुति दी जा सके। दौरे के दौरान विशाखापत्तनम रेल मंडल के डीआरएम ललित बोहरा सहित रेल जोन और रेल मंडल मुख्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# खेलभावना के साथ खिलाड़ी अपनी योग्यता का परिचय दें: नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

**ग्राम कोरकोटी में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट का समापन**

विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोरकोटी में युवा संघठन व समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में दो दिवसीय डे-नाईट प्रो कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक संतराम नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। संतराम नेताम ने कहा कि क्षेत्र में ऐसा कार्यक्रम होते रहना चाहिए, जिससे प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन होता रहे। खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन दिखाने का मौका मिलता है। लक्ष्य निश्चित हो तो सफलता भी निश्चित है, खेल से सद्भावना बढ़ती है, भारतीय खेलों को बढ़ावा जरूरी है। सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं, इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में अहम भूमिका थी। समिति के सदस्यों को यह भी कहना चाहता हूं कि समय-समय पर ऐसे प्रतियोगिता होते रहना चाहिए, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और आने वाली पीढ़ी भी देखकर कुछ सीखेंगे, जिससे हमारे गांव राज्य देश का नाम रोशन होगा। युवा अपनी ऊर्जा खेल में लगाएं, जिससे वे गलत दिशा में नहीं जाए। हर अभिभावक की यही इच्छा होती है कि बच्चे बड़े होकर समाज की सुरक्षा करेंगे। युवाओं में समर्थ, चरित्रवान, सक्रिय व सोच- समझ की क्षमता विकसित तभी होगी जब वह खेल मैदान में होंगे। हमें छोटी सोच व छोटी हार से विचलित नहीं होना चाहिए। खेल भावना के साथ अपनी योग्यता का परिचय दें।

### पुरस्कार राशि व कप विजेता टीम को प्रदान किया

अपनी क्षमता में वृद्धि करें और इसे देखने आने वाली पीढ़ी भी उसी रास्ते पर चले। आपके भीतर हुनर को देखकर छोटे बच्चे आगे बढ़ते हैं, तो उसे किसी कोच की जरूरत नहीं पड़ती। खिलाड़ियों का भाव बचपन से ही भगवान का दिया हुआ होता है, तो इस भाव को निखारने का मौका मिलना चाहिए। पूर्व विधायक संतराम नेताम के हाथो पुरस्कार राशि व कप विजेता टीम कों प्रदान किया गया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जि.पं. सदस्य कपिलकांत नाग, प्रवीण अग्निहोत्री, प्रवीण बरनवाल,रिंकू पाण्डे, सौरभ ठाकुर,छगेन्द्र सिन्हा,गंगा बघेल, निलेश नेगी, हिमांशु मारपी, शुभम राणा,अंकालू रजक,इशू पद्दा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## माता मावली मेला में मंत्री कश्यप व वर्मा ने किया स्टालों का अवलोकन

# बस्तर अंचल के लोगों का मड़ई- मेला लोककला और संस्कृति का संगम: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- 1 करोड़ 76 लाख 59 हजार के कार्यों का भूमिपूजन और 59 लाख 51 हजार के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

जिले में आयोजित ऐतिहासिक माता मावली मेले में छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता, कौशल विकास और जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास उच्च शिक्षा तथा जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के द्वारा शामिल होकर माता मावली की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

मंत्री कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मावली माता की आशीर्वाद से बस्तर की संस्कृति और परंपरा सदा बना रहे। यह मेला सामाजिक समरसता का उदाहरण है। इस मेले में दूर दूर से आकर लोग मेले का शोभा बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर की संस्कृति को जानने के लिए नारायणपुर के मावली माता मेला को जरूर देखें। उन्होंने कहा कि बस्तर अंचल के लोगों का मड़ई-मेला लोक, कला और संस्कृति का संगम है। यह मेला जिले का ऐतिहासिक और ख्याति प्राप्त मड़ई-मेला है। स्थानीय लोगों के सगे-संबंधी दूर-दूर से यहां की लोक, कला, संस्कृति, रीति-रिवाज और परम्पराओं से रूबरू होने एवं देखने प्रतिवर्ष यहां आते हैं। श्री कश्यप ने कहा कि यह मेला 5 दिनों तक लोगों को और सैलानियों को इस मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक देखने को मिलेगा। उन्होंने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता के आशीर्वाद से जिले में चौतरफा विकास हो। आप सभी मेले में आये और मेले का भरपूर आनंद उठाये। उन्होंने मेले में शामिल होकर मेले में लगे विभिन्न दुकानों एवं विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। मंत्री कश्यप ने मेले मे लगे दुकानों से पूजा सामग्री भी खरीदा।



### ये सौगातें दीं

इस अवसर पर उन्होंने 01 करोड़ 76 लाख 59 हजार का भूमिपूजन और 59 लाख 51 हजार रूपये का लोकार्पण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के घोषणा के अनुरूप 10 प्राथमिक शाला भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया, जिसमें प्रत्येक शाला भवन की राशि 14.16 लाख रूपये की मान से 01 करोड़ 41 लाख 60 हजार रूपये स्वीकृत किया गया है। जनपद पंचायत ओरछा अंतर्गत ग्राम कुतुल में 02 नग बाजार शेड निर्माण और ग्राम जाटलूर 02 नग बाजार शेड निर्माण के लिए 34 लाख 99 हजार रूपये तथा जनपद पंचायत नारायणपुर अंतर्गत 59 लाख 51 हजार रूपये की राशि से बागडोंगरी, पालकी और महिमागवाड़ी में बनाई गई खाद्यान भवन का लोकार्पण किया गया। इसी प्रकार नेलवाड़ और खोड़गांव में 100 मीट्रिक टन गोदाम निर्माण का लोकार्पण किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगरपालिका अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल, छोटेडोंगर सरपंच संध्या पवार, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिंकी उसेण्डी, पार्षदगण, जिला एव जनपद पंचायत सदस्य, कलेक्टर नम्रता जैन, पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुड़िया, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ. राजेन्द्र सिंह, सीएमओ नगरपालिका आशीष कोर्राम, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावा अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## मजदूर संगठनों की 12 फरवरी की हड़ताल को सीपीआई का समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन
- चार श्रम संहिता के विरोध में जताई आपत्ति

केंद्र सरकार द्वारा 44 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिता में बदले जाने के विरोध में देशभर के मजदूर संगठनों द्वारा 12 फरवरी को किए जा रहे हड़ताल का कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया सीपीआई जिला परिषद् कोण्डागांव ने समर्थन किया है। इस संबंध में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला कलेक्टर कार्यालय में सौंपा गया। सीपीआई जिला परिषद् के सचिव शैलेश, सह सचिव दिनेश, लक्ष्मण, बिसम्बर, शिवशंकर, माहंगू, रामचंद, संजीव कुमार, ब्रिज, नाईक, सुखराम सहित अन्य सदस्यों ने 12 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन प्रस्तुत किया और उचित कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रें में शिक्षा का स्तर अपेक्षाकृत कम होने के कारण संगठित व असंगठित क्षेत्र के मजदूर पहले से ही शोषण का सामना करते रहे हैं। ऐसे में नए श्रम संहिता लागू होने के बाद मजदूरों की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

### पूर्व श्रम कानूनों को यथावत रखने की मांग

*सीपीआई ने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि मजदूर संगठनों की हड़ताल को संज्ञान में लेते हुए चार श्रम संहिता को लागू करने के बजाय पूर्व के श्रम कानूनों को यथावत रखा जाए। उनका सही ढंग से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि मजदूरों के हित सुरक्षित रह सकें। सीपीआई जिला परिषद् ने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए यह आंदोलन जरूरी है और पार्टी मजदूर संगठनों के साथ खड़ी है।*

# लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंग संस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए गुरु मंत्र साझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- जिला पंचायत के अकाउंट ऑफिसर गुलशन कुमार ने किया अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन

जिला प्रशासन द्वारा जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग संस्थान संचालित किया जा रहा है। यहां समय–समय पर जिले के अधिकारी अपने अनुभव साझा कर अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन करते हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत के अकाउंट ऑफिसर गुलशन कुमार ने आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता सुनिश्चित करने के विषय पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

श्री कुमार ने कहा कि अब सफलता के लिए युवाओं को इधर–उधर भटकने की आवश्यकता नहीं है। जिले में ही संचालित इस निःशुल्क कोचिंग संस्थान में गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में एक वर्ष के भीतर 84 अभ्यर्थी सफलता प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों को इंटरनेट युग का सदुपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से तैयारी को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। ए.आई और क्लास नोट्स का सही उपयोग कैसे करें, इस पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

### सीजीपीएससी प्रीलिम्स के लिए प्रभावी रिवीजन टिप्स

22 फरवरी को आयोजित होने वाली सीजीपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रभावी रिवीजन के तरीके बताए गए। कठिन प्रश्नों को बिना घबराए हल करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। पढ़ाई करते समय नींद से कैसे बचें, उत्तर नींद आना स्वाभाविक है। अपने लक्ष्य को हमेशा ध्यान में रखें। जब सपने जागती आंखों से दिखने लगते हैं, तो आलस्य और नींद स्वतः दूर हो जाती है। टाइम मैनेजमेंट कैसे करें, उत्तर समय का महत्व समझें। एक सुव्यवस्थित टाइम टेबल बनाएं और नियमित रूप से उसका पालन करें। अभ्यास से समय प्रबंधन आसान हो जाता है। परीक्षा कक्ष में घबराहट हो तो क्या करें, उत्तर स्वयं पर विश्वास रखें। घबराहट होने पर दो मिनट गहरी सांस लें और याद करें कि आपने पूरी तैयारी की है। शांत मन से आत्मविश्वास के साथ प्रश्नपत्र हल करें। उन्होंने सुझाव दिया कि अभ्यर्थी बिना अलार्म के उठने की आदत विकसित करें तथा पढ़ाई के साथ हल्का मनोरंजन भी शामिल करें, ताकि जीवन में संतुलन बना रहे।

### विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की चल रही हैं कक्षाएं

कार्यक्रम में एसएससी जीडी और व्यापम द्वारा निकाली गई विभिन्न भर्तियों के परीक्षा पैटर्न की जानकारी भी दी गई। लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग संस्थान जिला पंचायत के पीछे, कोंडागांव में संचालित है। यहां वर्तमान में पीएससी, मंडी उपनिरीक्षक, परिवहन आरक्षक, एसएससी जीडी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है।

# सिविक एक्शन कार्यक्रम में सामाजिक आर्थिक विकास, सशक्तिकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 188 बटालियन सीआरपीएफ का मारीपारा में आयोजन
- नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणोंको बांटी गई उपयोगी सामाग्री, कपड़े

188 बटालियन सीआरपीएफ, मारीपारा द्वारा अपने परिचालनिक क्षेत्र अंतर्गत नक्सल प्रभावित गांवों मारीपारा, केरातोंग, महिमा, लक्कापारा, लस्केपारा, अन्दुमपाल, भंडाररास, रोकेल, लाठीपारा, माटापारा, बेंदरेपानी एवं पेद्दापारा के ग्रामीणों के लिए सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भवेश चौधरी, कमांडेंट 188 बटालियन सीआरपीएफ के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कमल सिंह मीणा उप कमांडेंट, अमर सिंह मीणा सहायक कमांडेंट, निरीक्षक, जीडी निलेश बी. उम्बरे, विजय कुमार, घनश्याम यादव, के.बी. भाई सहित अन्य अधिकारी, जवान, ग्रामीण, स्कूली छात्र–छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कमांडेंट श्री चौधरी ने कहा कि सिविक एक्शन कार्यक्रम केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एवं आर्थिक विकास तथा स्थानीय लोगों के सशक्तिकरण का माध्यम है। ऐसे आयोजनों से क्षेत्रवासियों और सुरक्षा बलों के बीच विश्वास, सहयोग और मधुर संबंध मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास को बढ़ावा देकर युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है और उन्हें नक्सलवाद से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में नक्सल विचारधारा कमजोर पड़ रही है, जिसमें सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



### 1000 से अधिक ग्रामीणों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम में 07 स्कूलों एवं 3 छात्रावासों के छात्र–छात्राओं सहित 12 से अधिक गांवों के लगभग 1000 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों, अध्यापकों और विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें सीधा लाभ मिल रहा है। विद्यार्थियों को मिला शैक्षणिक सामग्री स्कूल बैग एवं लेखन सामग्री का वितरण किया गया। ग्रामीण महिलाओं को साड़ी वितरित की गई। युवाओं को खेल सामग्री क्रिकेट किट, वॉलीबॉल किट एवं फुटबॉल किट प्रदान की गई। ग्रामीणों को चार्जेबल एलईडी बल्ब वितरित किए गए। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित सभी ग्रामीणों एवं स्कूली छात्र–छात्रओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। वितरण की गई सामग्री से ग्रामीण एवं विद्यार्थी अत्यंत प्रसन्न नजर आए और उन्होंने सीआरपीएफ के इस प्रयास की भूरी–भूरी प्रशंसा की।

# पुलिस का मनोबल बढ़ाने का अभियान, कप ऑफ द मंथ से सम्मानित हुए अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों का हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से जिला पुलिस कांकेर द्वारा प्रतिमाह कप ऑफ द मंथ सम्मान देने की शुरूआत की गई। इसी कड़ी में माह जनवरी में अपराध नियंत्रण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और गंभीर प्रकरणों के सफल निराकरण में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिला पुलिस कांकेर द्वारा जनवरी माह के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों का चयन कर उन्हें कप ऑफ द मंथ सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर निरीक्षक थाना कांकेर जितेन्द्र साहू को आबकारी एक्ट एवं चोरी के प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई के लिए सम्मानित किया गया, वहीं उप निरीक्षक थाना अंतागढ़ हेमलता परिहार को पास्को एक्ट के फरार आरोपी की गिरफ्तारी एवं विवेचना में विशेष भूमिका निभाने पर प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। थाना पखांजुर के पुरूषोत्तम ठाकुर को हत्या के आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार करने में अहम योगदान के लिए सम्मान मिला। इसी तरह हल्बा चौकी के प्रधान आरक्षक चंद्रभान टेकाम एवं आरक्षक शिवप्रसाद तारम को हत्या के आठ आरोपियों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सराहा गया। सायबर शाखा के आरक्षक दिनेश ध्रुव को भी आरोपियों की गिरफ्तारी में विशेष योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी सम्मानित पुलिसकर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मठ, निष्ठावान और समर्पित अधिकारी-कर्मचारी पूरे पुलिस विभाग के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला पुलिस कांकेर द्वारा भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाता रहेगा, जिससे पुलिस बल का मनोबल और अधिक सशक्त होगा।



### समझौते के उल्लंघन से ग्रामीणों में ...

करते हुए अन्य समिति के माध्यम से खनन, परिवहन और श्रमिकों से जुड़े कार्य कराए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इससे न केवल स्थानीय युवाओं को रोजगार से वंचित किया जा रहा है, बल्कि पूर्व में हुए समझौते का खुला उल्लंघन भी किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि माइंस संचालन के कारण क्षेत्र में पर्यावरणीय असंतुलन बढ़ रहा है। जंगलों पर निर्भर आदिवासी परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है, लेकिन इसके बदले उन्हें न तो पर्याप्त रोजगार मिल रहा है और न ही निर्णय प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। ऐसे में माइंस से जुड़े कार्यों का अधिकार स्थानीय ग्राम समिति को देना ही एकमात्र न्यायसंगत समाधान है।

### दबेना में सोलर पंप और पैनल ...

काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 30 हजार रुपए बताई जा रही है। दूसरी घटना में ग्राम दबेना निवासी 42 वर्षीय कमलेश मंडावी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने भी क्रेडा विभाग की योजना के तहत अपने खेत भजनाहा में सोलर सिंचाई प्रणाली स्थापित करवाई थी। 5 फरवरी को सिंचाई के बाद वह घर चले गए थे। अगले दिन 6 फरवरी की सुबह जब खेत पहुंचे, तो 3 एचपी का सबमर्सिबल पंप और स्टार्टर चोरी हो चुका था। पीड़ित किसान ने आसपास के खेतों और गांव में काफी खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। अंततः 11 फरवरी को नरहरपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। चोरी हुए उपकरणों की अनुमानित कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई जा रही है। दोनों मामलों में नरहरपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। एक ही क्षेत्र में लगातार हुई इन चोरी की घटनाओं से किसानों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और खेतों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## पेज 11 के शेष

### घरेलू विवाद हुआ हिंसक, ...

सुकमतीन उईके मौके पर पहुंची और किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद परिजन घायल जगदेव को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे।

घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी लोचन करंगा और कमलेश करंगा के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया गया।

### सीजीपीएससी प्रीलिम्स की तैयारी ...

के संबंध में कार्यशाला 13 फरवरी को मावा मोदोल कोचिंग केंद्र भानुप्रतापपुर तथा 17 फरवरी को मावा मोदोल कोचिंग संस्थान कांकेर में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी द्वारा अभ्यर्थियों को सीजीपीएससी परीक्षा की तैयारी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। परीक्षा की रणनीति, लक्ष्य निर्धारण, समय-प्रबंधन, नकारात्मक अंकन से बचाव, रिवीजन प्लान, प्रश्न चयन की तकनीक और परीक्षा-दिन की तैयारी जैसे विषय इसमें शामिल रहेंगे। जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे कार्यशाला एवं टेस्ट सीरीज में उपस्थित होकर अधिकतम लाभ लें।

जानकारी के अनुसार जिले में सीजीपीएससी के प्रीलिम्स मैराथन टेस्ट सीरिज का आयोजन 10 फरवरी से शुरू किया गया है, जो 20 फरवरी तक होगा। इसका उद्देश्य अभ्यर्थियों को वास्तविक परीक्षा जैसी समय-सीमा में अभ्यास कराना, कमजोर विषयों की पहचान कराना और अंतिम समय में त्रुटियों को सुधारने का अवसर देना है।

### कार में शराब पीने से मना किया ..

दौरान वह अपने वाहन में बैठकर आराम कर रहा था। इसी दौरान शाम करीब 7 बजे उनके ही गांव का रहने वाला तुकेश्वर कुमार गोस्वामी वाहन के पास पहुंचा और वाहन के भीतर बैठकर शराब पीने की जिद करने लगा। वाहन चालक द्वारा गाड़ी में शराब पीने से मना करने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा और जबरन वाहन का दरवाजा खोलने का प्रयास किया। चालक ने विरोध किया, लेकिन आरोपी ने खिड़की से हाथ डालकर दरवाजा खोल लिया और वाहन के अंदर घुसकर हाथ-मुक्कों से चालक पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान चालक के चेहरे, नाक और बाईं आंख के पास गंभीर चोटें आईं, जिससे नाक से खून बहने लगा। घटना को देखकर मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को संभाला।

घायल चालक ने बाद में थाना भानुप्रतापपुर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी तुकेश्वर कुमार गोस्वामी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) और 296 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### डीजे संचालकों दी समझाइश, परीक्षा ...

प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त, निर्धारित ध्वनि सीमा से अधिक साउंड सिस्टम का उपयोग किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जाएगा। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों की सुविधा, मानसिक शांति एवं पढ़ाई में एकाग्रता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। कांकेर पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित डीजे संचालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें साउंड सिस्टम जब्ती और जुर्माने जैसी कार्रवाई भी शामिल हो सकती है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में आयोजित की गई। आयोजित बैठक में उप पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स) गिरिजा शंकर साव, थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू के अलावा थाना स्तर के अन्य अधिकारीगण एवं कांकेर शहर में डीजे संचालक उपस्थित रहे।

# अब फुटबॉल में भी अव्वल बनेगा दंतेवाड़ा : अटामी

## विधायक ने किक लगाकर किया फुटबाल फॉर स्कूल अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

- फीफा के सहयोग से हर स्कूल को बांटे जाएंगे फुटबॉल
- नवोदय विद्यालय बारसूर में अभियान का शुभारंभ

फुटबाल खेल को लोकप्रिय बनाने अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल महासंघ फीफा जिले के स्कूलों में फुटबॉल वितरित करवा रहा है। फुटबाल फॉर स्कूल प्रोग्राम के तहत जिले में इस अभियान की शुरुआत पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में हुई।

इस मौक़े पर मुख्य अतिथि व विधायक चैतराम अटामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि फुटबॉल ऐसा खेल है, जो न सिर्फ दौड़ने की क्षमता बढ़ाता है, बल्कि सम्पूर्ण शरीर का विकास करता है। लेकिन बच्चे क्रिकेट को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे हॉकी और फुटबॉल खेल लुप्तप्राय होने लगे हैं। इसीलिए दंतेवाड़ा जिले में फुटबाल के खेल को बढ़ावा देने अभियान चलाया जाएगा। स्वयं के गृहग्राम कासोली में इसी साल जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित कर चुके हैं। भविष्य में संभाग स्तरीय मुकाबले भी होने लगेंगे। केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय ने फीफा के सहयोग से फुटबॉल पर स्कूल अभियान शुरू किया है, जो स्वागतेय है। विधायक अटामी ने नवोदय विद्यालय के बच्चों के संगीत दल को सराहते कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ ही खेलकूद व संगीत को भी बढ़ावा दिया जाना सराहनीय है। विधायक ने विद्यालय परिसर में आगामी मार्च तक घोषणा के अनुरूप खेल मैदान समतलीकरण व हाई मास्ट लाइट का कार्य करवाने का भरोसा दिलाया।

इसके पूर्व स्वागत उद्बोधन में संस्था प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने कहा कि भारत सरकार के खेल व शिक्षा मंत्रालय ने नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा के साथ खेलों को बढ़ावा देने युनेस्को, अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ फीफा, भारतीय फुटबॉल महासंघ के सहयोग से फुटबॉल फॉर स्कूल अभियान शुरू किया है। अभियान के लिए नवोदय विद्यालय को नोडल एजेंसी बनाया गया है। दंतेवाड़ा जिले में 98 स्कूलों को दर्ज संख्या के अनुपात में फुटबाल वितरित किये जाएंगे।



**स्कूलों को फुटबाल वितरित किया**

मुख्य अतिथि व विधायक चैतराम अटामी ने फुटबॉल को किक लगाकर अभियान की रस्मी शुरुआत कर विभिन्न स्कूलों को फुटबाल वितरित किया। इस मौक़े पर संतोष ट्रॉफी फुटबाल प्लेयर बी गौरव, अजय कश्यप, संजय विश्वकर्मा, खेल शिक्षक रुचिन तिवारी, कोच प्रशांत कुमार मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि की तैयारी जोरों पर



**भोण्ड।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मधोता में महाशिवरात्रि के आयोजन को लेकर ऐतिहासिक शिव मंदिर में वृहद तैयारी चल रही है। भगवान भोलेनाथ की विशेष आराधना के लिए सजाया संवारा जा रहा है। शिव मंदिर पुजारी जम्मू सिंह ठाकुर ने बताया कि पूजन के लिए मंदिर को सजाया जा रहा है। सुबह से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन पूजार्चना जारी रहेगी। रात्रि मनोरंजन हेतु उड़िया नाटक व दूर दराज से आए श्रद्धालुओं के लिए भोजन व विश्राम की व्यवस्था भी मंदिर समिति द्वारा की गई है। बता दें कि मधोता का शिवरात्रि मेला इस क्षेत्र का ऐतिहासिक मेला में से एक है। वहीं आज से मेले की तैयारी भी शुरू हो रही है।

### मृतकों के परिजनों को 16 लाख की सहायता

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से मृतकों के परिजनों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु में मृतिका रीना बरसा के निकटतम वारिस उनके पिता रामा बरसा, मृतिका संजना बोग्गुल के निकटतम वारिस उनकी माता सपना बोग्गुल, मृतिका शांति सोढ़ी के निकटतम वारिस उनकी माता मोगंडी सोढ़ी एवं मृतक संपत बोग्गुल के निकटतम वारिस उनकी पत्नि सपना बोग्गुल सहित प्रत्येक परिजन को 4-4 लाख रूपये कुल 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### आत्मसमर्पण से पुनर्वास तक राजेश



**बीजापुर।** राजेश एक साधारण ग्रामीण परिवार से संबंध रखता है, उसका जन्म एक आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवार में हुआ। युवावस्था के दौरान नक्सली गतिविधियों में सम्मिलित हो गया। समय के साथ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर स्वेच्छा से मार्च 2025 में आत्मसमर्पण किया। शासन द्वारा निर्धारित पुनर्वास केन्द्र बीजापुर में राज मिस्त्री (मेसन) का कार्य प्रशिक्षण प्रदान किया जिससे वह निर्माण कार्य से संबंधित तकनीकी कौशल अर्जित कर सका। प्रशिक्षण उपरांत राजेश वर्तमान में तेलंगाना राज्य के मुलगु जिले में मेसन निर्माण श्रमिक के रूप में प्रतिदिन 600 की मजदूरी पर कार्यरत है।

## सीएमएचओ प्रत्येक 10 दिवस में करेंगे निरीक्षण

# स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने कलेक्टर ने किया सीएचसी, एमसीएच का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



- ईसीटीसी कक्ष के प्रभारी तकनीशियन की लापरवाही पर नोटिस जारी करने कहा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र तथा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ड्रग वेयर हाउस गीदम का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं, साफ-सफाई एवं उपलब्ध संसाधनों की स्थिति का बारीकी से जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सर्वप्रथम कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने फिजियोथेरेपी कक्ष, नेत्र परीक्षण कक्ष, डॉट्स प्रयोगशाला, स्टोर रूम, चिकित्सक कक्ष, दंत चिकित्सा कक्ष, लैब टेस्ट कक्ष, ईसीटीसी, सैंपल संग्रह कक्ष, ड्रेसिंग रूम सहित विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था, वार्डों की स्वच्छता, शौचालयों की स्थिति, मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, दवाइयों एवं चिकित्सीय उपकरणों की उपलब्धता तथा अभिलेख संधारण की स्थिति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासकीय कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को संबंधित कर्मियों की पहचान में आसानी हो। साथ ही अस्पताल की समस्त कागजी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्टोर रूम में उपलब्ध दवाइयों के स्टॉक की जानकारी ली तथा दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ को प्रत्येक 10 दिवस में स्वास्थ्य संस्थानों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। लैब टेक्नीशियन को मरीजों की जांच पूरी गंभीरता एवं सावधानी से करने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही सीएमएचओ को कर्मचारियों की छुट्टियों की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं नर्सिंग स्टेशन में ड्यूटी रोस्टर की जानकारी लेकर व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने सीएमएचओ को संबंधित एसडीएम के साथ जीडीएस की बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक छोटे-छोटे मरम्मत कार्य शीघ्रता से कराने के निर्देश दिए, ताकि भवन एवं आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके। साथ ही ईसीटीसी कक्ष के प्रभारी तकनीशियन की लापरवाही पर कलेक्टर ने उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जनरल वार्ड का भी अवलोकन किया तथा भर्ती मरीजों से संवाद कर उनके उपचार एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने एक मरीज से बातचीत कर उसकी स्थिति पूछी। मरीज ने बताया कि वह कटुलनार से उपचार हेतु आया है। कलेक्टर ने मरीजों को बेहतर इलाज एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली।

कलेक्टर ने सोनोग्राफी कक्ष, मातृ एवं शिशु वार्ड, प्रसव कक्ष सहित अन्य आवश्यक कक्षों का अवलोकन किया और साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वार्ड में भर्ती कासोली निवासी महेश नेताम की पुत्री सुनीता नेताम के उपचार एवं देखरेख की जानकारी चिकित्सकों से ली तथा परिजनों से चर्चा कर उपचार की गुणवत्ता और सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया।

# कलेक्टर और ने खाई फाइलेरिया की दवा

## बोर्ड परीक्षा की तैयारी के दिए टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर आकाश छिकारा ने गुरुवार को तोकापाल और बास्तानार विकासखंड का दौरा किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन के साथ मवालीभाटा में स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया। साथ ही फाइलेरिया नियंत्रण अभियान के तहत आयोजित दवाई वितरण कार्यक्रम में दवाई डीईसी और कृमिनाशक एल्बेंडाजोल का सेवन किया। उन्होंने स्कूली बच्चों को भी दवाइयों का सेवन के लिए प्रेरित किए।

उन्होंने मवालीभाटा हाईस्कूल में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करने, उत्तर पुस्तिका में लेखन का प्रयास, आत्मविश्वास के साथ 6 से 8 घंटे पढ़ाई करें ताकि बेहतर अंक हासिल किया जा सके।

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में मनाया गया आशीर्वाद समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी परचनपाल बस्तर में धूमधाम से मनाया गया आशीर्वाद समारोह। ग्यारहवीं के छात्रों ने कक्षा बारहवीं के मेधावी छात्रों को विदाई दी, जिसे आशीर्वाद समारोह के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की फोटो के सामने दीप प्रज्वलन के साथ हुई। शाला के प्राचार्य त्रिभुवन साहू ने बारहवीं के छात्रों को आशीर्वाद दिया और उन्हें अच्छे व्यक्तित्व एवं आने वाले बोर्ड परीक्षा की तैयारी के विषय में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों को पढ़ाई से डरना नहीं है, बल्कि उसे समझ के समय सारणी के अनुसार पढ़ना चाहिए और पढ़ाई को रुचिकर बनाना चाहिए। कार्यक्रम में अनेक प्रकार के खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। छात्रों ने अपने शाला से जुड़े अनुभवों को साझा किया। विषय शिक्षकों ने भी छात्रों को आने वाले परीक्षा व नए जीवन के लिए अनेक सूत्र दिए। शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कार्यक्रम पूर्ण हुआ।

## शासकीय विद्यालय संस्कार व सामाजिक सद्भावना का केंद्र है : शिक्षा मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम




- बस्तर संभाग के लगभग 400 से अधिक लोग लाभान्वित हुए

विगत 12 वर्षों से प्राचार्य बनने का सपना देख रहे 2800 व्याख्याताओं को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा बिना किसी विवाद के प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया गया। जिसमें बस्तर संभाग के लगभग 400 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। पदोन्नति की खुशी में प्राचार्य पेंशनर्स एसोसिएशन के द्वारा अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से रमाकांत द्विवेदी, बृजेश प्रसाद, श्रवण देवांगन, हेमराव खापर्डे, दुर्गम तिरुपति, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, शाहीन शेख, मीना जाधव, सुमित्रा बोरकर, रेणु परिदा बड़ी संख्या में पदोन्नत प्राचार्य बस्तर सम्मिलित हुए। समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, अहिवारा विधान सभा के विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डोमन लाल कोर्सेवाडा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा और रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. शैलेंद्र पटेल विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री ने उपस्थित प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय विद्यालय बच्चों के संस्कार एवं सामाजिक सद्भाव के केंद्र है । उन्होंने कहा कि शासकीय विद्यालय में गरीब , अमीर तथा समाज के सभी समुदाय के बच्चे एक साथ अध्ययन करते हैं। पहले जब शासकीय विद्यालय में संसाधन का अभाव था तो छात्रों की दर्ज संख्या बहुत ज्यादा थी किंतु आज जब शासकीय विद्यालय में पर्याप्त संसाधन है।

तब शासकीय विद्यालयों में निरंतर कम हो रही दर्ज संख्या हमारे शिक्षकों एवं प्राचार्यों के लिए एक चिंतन का विषय है। उन्होंने बताया कि मेरे कार्यकाल में पदोन्नति का कार्य प्राथमिकता में है जो कि निरंतर जारी रहेगा तथा शिक्षकों की उचित मांगों पर सार्थक निर्णय समय पर लिए जाएंगे। विशिष्ट अतिथि केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त कोर्सेवाडा ने कहा कि समय के साथ शिक्षकों के सम्मान में परिवर्तन हुआ है। पहले समाज का उच्च प्रतिष्ठित व्यक्ति, शिक्षकों को सम्मान देता था किंतु आज परिस्थिति और लोगों की सोच बदल गई है। इसी कड़ी में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपने उद्बोधन से गम्भीर बातों को चुटीले अंदाज़ में रखकर जमकर हंसाया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास के कारण सम्मेलन में मुख्यमंत्री नहीं आ सके परंतु आप लोगों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने मंच से मुख्यमंत्री का अभिनंदन कार्यक्रम रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में कराने की घोषणा की। समारोह को विश्वविद्यालय के कुल सचिव पटेल ने भी संबोधित किया। प्रिंसिपल एसोसिएशन के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी पदोन्नत प्राचार्यों को बधाई दी।

शुक्ला ने पदोन्नति प्रक्रिया में संचालनालय से न्यायालय तक संघर्ष में साथ देने वाले साथियों, मुख्यमंत्री तथा स्कूल शिक्षा मंत्री के छः माह के कार्यकाल में 2800 प्राचार्य , व्याख्याता एवं संभाग तथा जिला स्तर पर शिक्षकों एवं प्रधान पाठकों सहित दस हजार की पदोन्नति करने एवं पारदर्शिता के साथ पदांकन करने के लिए आभार व्यक्त किया। प्रदेश के प्राचार्यों को एक मंच पर लाने वाले अनिल शुक्ला को प्रांतीय संयोजक चुना गया। अतिथियों और अन्य पदाधिकारियों के द्वारा शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर कर शुक्ला का सम्मान किया गया।



## व्हालीबाल प्रतियोगिता का शानदार आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण युवाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय जिला स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज मिनी स्टेडियम, बीजापुर में हुआ। 12 एवं 13 फरवरी तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले जा रहे हैं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य मैथ्यूज कुजूर, कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे एवं जिला खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिले के 28 गांवों की ग्राम पंचायतों की टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिससे प्रतियोगिता में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल बना हुआ है। आयोजन समिति द्वारा विजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि की घोषणा की गई है।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 51000 एवं ट्रॉफी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 21000 एवं ट्रॉफी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11000 एवं ट्रॉफी इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। विशेष बात यह है कि प्रतियोगिता में चयनित जिले की टॉप 4 टीमों को आगामी 18, 19 एवं 20 फरवरी को आयोजित होने वाले ऑल इंडिया टूर्नामेंट में डायरेक्ट एंट्री दी जाएगी जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

## माहेश्वरी महिला मंडल की जिलाध्यक्ष बनी ममता टावरी

**जगदलपुर।** माहेश्वरी भवन में महिला मंडल के विभिन्न पदों का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को आध्यात्मिक रंग देते हुए राधा-कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष फूलों की होली खेली गई। भक्ति गीतों और पुष्पवर्षा के बीच महिलाओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ सदस्यों ने विश्वास जताया कि नई टीम अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में समाज सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों, सेवा प्रकल्पों और महिला जागरूकता कार्यक्रमों को गति देगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, जरूरतमंदों की सहायता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण को प्राथमिकता देने का संकल्प व्यक्त किया गया।

## कला और संस्कृति की जानकारी लेने गुजरात जायेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिले के होनहार छात्र छात्रा भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रेरणा उत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। गुजरात के बड़नगर जाकर प्रेरणा उत्सव के चयनित 2 बच्चे भारत के कला एवं संस्कृति की जानकारी प्राप्त करेंगे। बच्चों का चयन पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर में विभिन्न योग्यता का आकलन कर प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया। चयनित छात्र राहुल ओयाम पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर एवं छात्रा निशा यादव स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भैरमगढ़ को कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय अरुण कुमार, डीईओ एलएल धनेलिया ने चयन होने की बधाई देते हुए भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दी। चयनित बच्चों के आने जाने एवं रहने तथा भोजन की व्यवस्था नवोदय विद्यालय समिति के माध्यम से किया जाएगा।

## अपंग और दृष्टिहीन परिवार का सहारा बना अन्नपूर्णा मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- राशन कीट और जरूरत के सामान दिए गए




बस्तर के ग्राम पंचायत पुसपाल में जयदेव विश्वकर्मा 37 वर्ष अंधा है वह देख नहीं सकता। घर में 3 सदस्य हैं। परिवार में पत्नी 34 साल की कैंसर पीड़ति और विकलांग है। मुखिया की एक बेटी भी विकलांग है, जो कक्षा 4थी में पढ़ती है। यह परिवार भीख मांग कर अपना गुजारा कर रहा है। आस पड़ोस के लोगों की मदद से खाना मिल पाता है अन्यथा भूखे सो जाते हैं। परिवार के आय का साधन महतारी वंदन योजना से 1000, नेत्रहीन पेन्शन का 500 और 35 किलो चावल मिलता है, पशुधन नहीं है। ग्रामवासी शासकीय भूमि पर इंदिरा आवास बनाकर दिए हैं। सरपंच ने अन्नपूर्णा मुहिम की जानकारी परिवार को दी। संत रामपाल महाराज के संज्ञान में आते ही तत्काल राशन किट एवं आवश्यक सामग्री पहुंचाने का आदेश मिला। जयदेव विश्वकर्मा को अन्नपूर्णा मुहिम के अंतर्गत बर्तन, चावल, आटा, समेत अन्य खाने पीने का सामान, कपड़े, कंबल, बेड सीट, खाट, कॉपी, पेन, पेन्सिल, चप्पल, इत्यादि प्रदान किया गया। सरपंच और ग्राम वासियों ने मदद की सराहना की।



## खबर संक्षेप



### आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ देव सेसा उत्सव

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत राऊरवाही के आश्रित ग्राम महेंद्रपुर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ देव सेसा का आयोजन संपन्न हुआ। इस उत्सव में न केवल स्थानीय निवासी के साथ आसपास के क्षेत्रों से आए ग्रामीणों और सामाजिक प्रमुखों ने बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार हुई। सामूहिक भोज से पहले सभी ग्रामीणों ने ग्राम गायता के पास श्रद्धापूर्वक धान जमा किया। मान्यता है कि नई फसल और अन्न का भोग पहले देवताओं को अर्पित किया जाता है, जिसके बाद ही उसे प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया जाता है। क्षेत्र के प्रमुख सियान और मुखिया इस आयोजन के मुख्य आकर्षण रहे। उनकी उपस्थिति में युवाओं ने अपनी संस्कृति और रीति-रिवाजों को करीब से समझा। उपस्थित जनों ने एक स्वर में कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा और सामाजिक एकजुटता मजबूत होती है।पूजा-अर्चना और रस्मों के पश्चात सभी ग्रामीणों ने एक साथ बैठकर सामूहिक भोज का आनंद लिया। प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने और समाज को एक सूत्र में पिरोने वाला यह कार्यक्रम देर शाम तक हर्षोल्लास के साथ चलता रहा।

### चिहरो में आज से दो दिनी वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चिहरो में परंपरागत दो दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन 13 एवं 14 फरवरी को किया जाएगा। मेले को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। मेला आयोजन के दौरान दिन में धार्मिक एवं पारंपरिक गतिविधियों के साथ-साथ रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 13 फरवरी की रात्रि को रंगलहर लोक रिकॉर्डिंग संस्था धमतरी जिला के ग्राम खलारी की टीम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

### घायल की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 86 नेताजी नगर निवासी 74 वर्षीय अनिल राय पिता स्व. द्वारिका राय का सड़क दुर्घटना में 10 फरवरी को मौत हो गया। सिविल अस्पताल पखांजुर के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। चोट अधिक होने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### साइबर सेल का सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कांकेर।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के तहत कार्यक्रम आयोजित कर ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग व यूपीआई ठगी से बचाव के उपाय बताया गया व हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल घटना की जानकारी देने का अव्हान कांकेर साइबर सेल द्वारा किया गया। साइबर सेल कांकेर द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर 11 फरवरी को जंगल वारफेयर कॉलेज कांकेर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव तथा ऑनलाइन ठगी के प्रति लोगों को सतर्क करना रहा। कार्यक्रम के दौरान साइबर सेल टीम ने ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी लॉटरी/जॉब ऑफर, यूपीआई फ्रॉड आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# विदाई समारोह में छलका अपनापन और जूनियर्स ने सीनियर्स को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शासकीय कन्या हाई स्कूल दुर्गुकोंदल में 12 फरवरी को कक्षा 10 वीं की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन बड़े उत्साह, अनुशासन एवं भावपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा जूनियर विद्यार्थियों ने मिलकर कक्षा दसवीं की छात्राओं को सम्मानित किया। समारोह की शुरुआत परंपरागत रूप से सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य सदे सिंह कोमरे ने कक्षा 10 वीं की छात्राओं को उनके आगामी बोर्ड परीक्षा एवं भविष्य को बेहतर बनाने कि बात कहते हुए कहा क जीवन में सफलता के लिए अथक परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास सबसे बड़ी ताकत हैं। साथ ही उन्होंने छात्राओं से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम को यादगार बनाने में कक्षा छठवीं, सातवीं, आठवीं एवं नवमी की छात्राओं की भूमिका विशेष रही। जूनियर विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वीं की छात्राओं के सम्मान में कविता पाठ, भाषण, मनोरंजक खेल एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा



वातावरण आनंद और अपनत्व से भर गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में तालियों और मुस्कान के साथ-साथ विदाई की भावुकता भी स्पष्ट दिखाई दी। समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कक्षा दसवीं की छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि वे अपने जीवन में उच्च आदर्शों का पालन करें और शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कारों को भी आगे बढ़ाएं। वहीं कक्षा दसवीं की छात्राओं ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में मिले मार्गदर्शन ने उन्हें आगे बढ़ने की दिशा दी है। समारोह के अंत में सभी कक्षा दसवीं की छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि सभी छात्राएं जीवन में श्रेष्ठ नागरिक बनकर समाज व देश की सेवा को प्राथमिकता देंगी और विद्यालय का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ व्याख्याता संगीता केकती, वरिष्ठ शिक्षक मनीषा सिंहा, रामेश्वरी शांडिल्य, मीना डीमर, वैभव तिवारी, दयालु राम ठाकुर, नरेंद्र कुमार साहू, नीतीश कुमार साहू एवं मनीषा गौतम सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

## विकास : ग्रामीणों को मिली विकास की सौगात

# विधायक ने रामायण मंच का लोकार्पण कर किया एनीकट निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अण्डी में विकास और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब विधायक आशाराम नेताम के करकमलों से एक ओर जहां सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने वाले रामायण मंच टीना शेड का लोकार्पण हुआ, वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण और ग्रामीण समृद्धि की दिशा में मील का पत्थर साबित होने वाले एनीकट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह अवसर केवल शिलान्यास और उद्घाटन का नहीं, बल्कि ग्राम अण्डी के उज्ज्वल भविष्य, सांस्कृतिक गौरव और सतत विकास के संकल्प का प्रतीक बन गया।

विधायक आशाराम नेताम ने ग्राम अण्डी में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान 9.90 लाख की लागत से निर्मित रामायण मंच टीना शेड का लोकार्पण एवं 466.65 लाख की लागत से बनने वाले एनीकट निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को विकास की नई सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन को सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। रामायण मंच टीना शेड के






लोकार्पण से ग्राम अण्डी में धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा। यह मंच भविष्य में रामलीला, मानसगान, भजन-कीर्तन एवं अन्य सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र बनेगा, जिससे युवा पीढ़ी को अपनी परंपरा और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। विधायक नेताम ने कहा कि संस्कृति किसी भी समाज की आत्मा होती है और उसे सहेजना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, वहीं 466.65 लाख की लागत से बनने वाले एनीकट निर्माण कार्य को क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि यह परियोजना जल संरक्षण की दिशा में क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगी। एनीकट बनने से भू-जल स्तर में सुधार होगा, किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और खेती-किसानी को मजबूती मिलेगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी और क्षेत्र के विकास को स्थायित्व मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित मानसगान में विधायक आशाराम नेताम ने सहभागिता कर धर्म, संस्कृति और परंपरा की मधुर अनुभूति साझा किया। मानसगान की सुमधुर प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासियों की विशाल उपस्थिति रही। जनसमूह की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि विकास कार्यों के प्रति जनता में व्यापक समर्थन और विश्वास है। ग्रामीणों ने विधायक नेताम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

## बरहेली के स्मार्ट मीटर पखवाड़ा शिविर में ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विद्युत विभाग वितरण केंद्र दमकसा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहेली में 12 फरवरी को स्मार्ट मीटर पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को स्मार्ट मीटर की उपयोगिता, लाभ एवं इससे जुड़ी गलतफहमियों के बारे में सही जानकारी देना था।

शिविर के दौरान उपस्थित उपभोक्ताओं को बताया गया कि स्मार्ट मीटर पारदर्शिता और सुविधा बढ़ाने वाला उपकरण है, जिससे बिजली खपत की जानकारी उपभोक्ता को नियमित रूप से मिलती रहती है। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बिल स्वतः अधिक नहीं आता, बल्कि यह मीटर उपभोक्ता की वास्तविक खपत के आधार पर सही बिलिंग करता है। शिविर में विशेष रूप से ग्रामीणों के बीच प्रचलित स्मार्ट मीटर से बिल ज्यादा आता है जैसी भ्रांतियों को दूर करते हुए उन्हें मीटर की कार्यप्रणाली समझाई गई। कार्यक्रम में मोर बिजली एप के उपयोग की जानकारी भी दी गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से उपभोक्ता अपना बिजली बिल देख सकते हैं, भुगतान कर सकते हैं, खपत की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, शिकायत दर्ज कर सकते हैं और बिजली से संबंधित कई सेवाओं का लाभ घर बैठे ले सकते हैं। ग्रामीणों को ऐप डाउनलोड करने एवं उपयोग करने का तरीका भी समझाया गया।

शिविर में विभाग द्वारा केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों को PM सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर रूफटॉप के लाभ, आवेदन प्रक्रिया और संभावित सब्सिडी के बारे में बताया गया। साथ ही कृषक जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत किसानों को मिलने वाली सुविधाओं एवं छूट की जानकारी दी गई, ताकि कृषक वर्ग इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठा सके। इस अवसर पर ग्रामीणों की बिजली संबंधी शिकायतों एवं परेशानियों को भी गंभीरता से सुना गया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्राप्त शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द किया जाएगा। शिविर में उपभोक्ताओं को नियमित बिल भुगतान, बिजली बचत एवं सुरक्षित विद्युत उपयोग के लिए भी प्रेरित किया गया।

## टिन शेड निर्माण का हुआ भूमिपूजन ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

ग्राम पंचायत हाटकोंदल में ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए शीतला मंदिर परिसर के समीप टिना शेड निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। इस कार्य के लिए शासन से 5 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं उद्घाटन 12 फरवरी को ग्राम पंचायत हाटकोंदल द्वारा ग्रामवासियों की उपस्थिति में विधिवत रूप से संपन्न किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

ग्रामीणों ने बताया कि शीतला मंदिर क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों, पूजा-पाठ, भंडारा, बैठक एवं सामूहिक कार्यक्रमों के दौरान बैठने व छाया की व्यवस्था की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। विशेषकर गर्मी और वर्षा ऋतु में श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब टिन शेड निर्माण से मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और गांव में सामुदायिक गतिविधियों को भी एक व्यवस्थित स्थान प्राप्त होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच



श्रीमती हरिषा मंडावी ने कहा कि ग्राम हाटकोंदल में शीतला मंदिर के पास टिन शेड निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति मिलने से ग्रामवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह कार्य ग्राम पंचायत के प्रयासों और ग्रामीणों के सहयोग से संभव हो पाया है। भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गायत भानु राम दरों, युवराज सिंह पटेल, बरगांव ग्राम पटेल, सरोज मंडावी, ललित हिडको, सचिव सतिमा उयके, उपसरपंच इंद्रजीत परचापी, कपूर हिडको सहित ग्राम पंचायत के समस्त वार्डपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## विद्युत विभाग ने स्मार्ट मीटर पखवाड़े में मोर बिजली ऐप के फायदे गिनाए

**भानुप्रतापपुर।** विद्युत विभाग वितरण केंद्र भानुप्रतापपुर शहर एवं ग्रामीण द्वारा आज उपभोक्ताओं को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने के उद्देश्य से स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विभाग ने



उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली और डिजिटल सेवाओं के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से न केवल बिलिंग की गलतियां दूर होंगी, बल्कि उपभोक्ता अपनी जरूरत के अनुसार बिजली के उपयोग को नियंत्रित भी कर सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में स्टाफ ने उपभोक्ताओं की शंकाओं का समाधान किया और उन्हें डिजिटल माध्यमों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मोर बिजली ऐप रहा। उपस्थित अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को अपने मोबाइल पर ऐप डाउनलोड करवाया और इसके विभिन्न लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपभोक्ताओं को बताया गया कि कैसे वे घर बैठे अपना बिजली बिल देख सकते हैं, भुगतान कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तम कुमार यदु, तमेश्वरी मरसकोले, एंटोनी कुजूर, व विद्युत विभाग का समस्त स्टाफ, शहर व ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता उपस्थित रहें।

# हिस्ट्रीशीटरों पर नजर, लंबित मामलों का त्वरित निपटारा, लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसपी राखेचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित अपराध समीक्षा की बैठक में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने दो टूक शब्दों में कहा है कि अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के निराकरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन का विश्वास पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है और इसे बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में 12 फरवरी को आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में जिले के सभी अनुविभागों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में थाना एवं चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि गुंडा, निगरानी एवं हिस्ट्रीशीट खोलने की कार्रवाई तेज की जाए तथा प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि जिन प्रकरणों की जांच पूर्ण हो चुकी है, उनमें शीघ्र चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। लंबे समय से लंबित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाने के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ ही स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की शत-प्रतिशत तामील सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। फरियादियों के साथ शालीन, संवेदनशील और



सम्मानजनक व्यवहार पर विशेष जोर दिया। जनसुनवाई को प्राथमिकता दी जाए और थानों में आने वाले प्रत्येक नागरिक की शिकायत को गंभीरता से लिया जाए। गंभीर अपराधों में आरोपियों को शीघ्र एवं प्रभावी दंड दिलाने के लिए अभियोजन शाखा के साथ बेहतर समन्वय, मजबूत पैरवी, सुव्यवस्थित केस डायरी तथा विवेचना में तकनीकी व कानूनी पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। विवेचना की गुणवत्ता सुधारकर न्यायालय में दोषसिद्धि प्रतिशत बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया गया। असामाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटरों और निगरानी बदमाशों पर सतत नजर रखने तथा उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग, रात्रि गश्त और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित चेक पोस्टों को और अधिक सक्रिय एवं चाक-चौबंद रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

आयोजित बैठक में एएसपी भानुप्रतापपुर आकाश श्रीश्रीमाल, एएसपी कांकेर योगेश साहू, एएसपी दिनेश कुमार सिन्हा सहित अन्य राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# योजना के नवीन अपडेट्स एवं प्रमुख बिंदुओं की विस्तार से दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम कुल्हड़कट्टा में वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत जन जोहर चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं कार्यरत मजदूर उपस्थित रहें।

कार्यक्रम के दौरान पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद जैन, मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, महामंत्री राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश देवांगन, राजेश तेता एवं सुरेश पटेल तालाब गहरीकरण कार्य स्थल पर पहुंचे और श्रमिकों से सीधे संवाद किया। इस



अवसर पर योजना के नवीन अपडेट एवं प्रमुख बिंदुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बताया गया कि योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण, जल संरक्षण, तालाब गहरीकरण, भूमि समतलीकरण एवं अन्य श्रमप्रधान कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। योजना अंतर्गत 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान, मजदूरी का सीधे बैंक खातों में भुगतान, कार्यस्थल पर उपस्थिति पंजी का संधारण, निर्धारित अवकाश, सुरक्षा प्रावधान एवं पात्रता अनुसार मुआवजा संबंधी नियमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही योजना के अंतर्गत उपलब्ध नए संसाधनों एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद जैन ने कहा कि वीबी जी राम जी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि गांव का श्रमिक अपने ही गांव में सम्मानपूर्वक रोजगार प्राप्त करे और जल संरक्षण जैसे स्थायी कार्यों से आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ मिले। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने कहा कि जन जोहर चौपाल का उद्देश्य योजनाओं को जमीन स्तर तक पहुंचाना है तथा पारदर्शिता और समय पर भुगतान सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

